सत्यमेव जयते

राजस्थान राज–पत्र साधारण	RAJASTHAN GAZETTE Ordinary
साधिकार प्रकाशित	**Published by Authority**

जिल्द 77 पौष 18, गुरुवार, शाके 1947– जनवरी 8, 2026 अंक 41
Vol. 77 PAUSA 18 , Thursday, Saka 1947–January 8, 2026 No. 41

भाग 7

विभिन्न विभागों में प्रदायों के लिए टेण्डर मांगने की सूचनाओं को सम्मिलित करते हुए सार्वजनिक और निजी विज्ञापन आदि।

शपथ–पत्र

मैं रंजना कुमारी अंगारी पत्नी श्री बटन रोत, पुत्री श्री मानजी अंगारी, उम्र 30 साल, लिंग– स्त्री, धर्म– हिन्दू, निवासी– मु.पो.– ठाकरडा, तहसील– सागवाड़ा, जिला– डूंगरपुर, राजस्थान – 314029 भारत की रहने वाली हूँ व शपथपूर्वक बयान करती हूँ कि :–

1. यह कि मेरा नाम रंजना कुमारी अंगारी (RANJANA KUMARI ANGARI) है, जो कि मेरे पहचान व समस्त शैक्षणिक संबंधी एवं अन्य कुछ दस्तावेज में दर्ज व अंकित हैं जो कि मेरा सही व वास्तविक नाम है।
2. यह कि मेरे कुछ दस्तावेज़ों (जैसे–आधार कार्ड, जनआधार कार्ड) में मेरा नाम रंजना रोत (RANJANA ROAT) दर्ज व अंकित है।
3. यह कि उक्त दोनों नाम रंजना कुमारी अंगारी (RANJANA KUMARI ANGARI) व रंजना रोत (RANJANA ROAT) एक ही महिला के नाम हैं, अलग–अलग महिला के नहीं हैं, जो कि मेरे स्वयं के ही नाम हैं।
4. यह कि मैं अपना नाम रंजना कुमारी अंगारी (RANJANA KUMARI ANGARI) ही रख रही हूँ एवं आज के पश्चात व भविष्य में मुझे रंजना कुमारी अंगारी (RANJANA KUMARI ANGARI) के नाम से ही जाना, पहचाना व संबोधित किया जावें एवं मेरे समस्त पहचान व शैक्षणिक संबंधी दस्तावेजों में मेरा नाम रंजना कुमारी अंगारी (RANJANA KUMARI ANGARI) दर्ज़ व अंकित किया जाए।
5. यह कि भविष्य में मेरे द्वारा अपना समस्त पत्र व्यवहार एवं कागजी कार्यवाही रंजना कुमारी अंगारी (RANJANA KUMARI ANGARI) के नाम से ही की जावेगी, इसी नाम से हस्ताक्षर करूंगी। मेरे द्वारा किये गए सभी विधिक क्रिया कलापों में मुझे रंजना कुमारी अंगारी (RANJANA KUMARI ANGARI) के नाम से जाना/पहचाना व सम्बोधित किया जावे।

स्थान : सागवाड़ा — रंजना अंगारी
दिनांक : 22.11.2025 — शपथकर्ता

सत्यापन

मैं रंजना कुमारी अंगारी पत्नी श्री बटन रोत, पुत्री श्री मानजी अंगारी, सशपथ सत्यापित एवं सत्यनिष्ठा से घोषणा करती हूँ की पैरा संख्या 1 से 5 में जो तथ्य प्रस्तुत किए गए हैं वह मेरी जानकारी व मेरे निजी ज्ञान में सत्य एवं सही हैं। ईश्वर साक्षी है।

स्थान : सागवाड़ा — रंजना अंगारी
दिनांक : 22.11.2025 — सत्यापनकर्ता

SIGNATURE/ATTESTED
RAO AJEET SINGH
NOTARY PUBLIC, SAGWARA (RAJ.)
GOVT. OF INDIA.
27967

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।